भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 350
उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2024 (बुधवार)
2 श्रावण, 1946 (शक)

प्रश्न

पीएम-डिवाइन योजना

350. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः
श्री मनोज तिवारीः
डॉ. जयंत कुमार रायः
श्री दिलीप शइकीयाः

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास (पीएम-डिवाइन) योजना के विशिष्ट लक्ष्य और लक्षित क्षेत्र क्या हैं;
(ख) पीएम-डिवाइन योजना ने उत्तर-पूर्व में बुनियादी ढांचे के विकास को आगे बढ़ाने में क्या योगदान दिया है; और
(ग) पीएम-डिवाइन योजना के माध्यम से विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों का सृजन कैसे हुआ है?

उत्तर
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री की विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केंद्रीय बजट 2022-23 में 100% केंद्रीय वित्तपोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम के रूप में घोषित किया गया था। इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 अक्टूबर, 2022 को 2022-23 से 2025-26 तक की 4 वर्ष की अवधि के लिए 6,600 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था और इसका उद्देश्य राज्यों की महसूस की गई आवश्यकताओं के आधार पर अवसंरचना और सामाजिक विकास परियोजनाओं को वित्तपोषित करके पूर्वोत्तर क्षेत्र का तीव्र और समग्र विकास करना है।

पीएम-डिवाइन स्कीम के उद्देश्य हैं: (i) पीएम गतिशक्ति की भावना के अनुरूप अवसंरचना का समेकित रूप से वित्तपोषण करना; (ii) पूर्वोत्तर क्षेत्र की महसूस की गई जरूरतों के आधार पर सामाजिक विकास परियोजनाओं की सहायता करना; (iii) युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका गतिविधियों को सक्षम करना; और (iv) विभिन्न क्षेत्रों में विकास की कमियों को दूर करना।

(ख) और (ग) स्कीम के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, पीएम-डिवाइन के तहत 30.06.2024 तक 4,502.46 करोड़ रुपये की 31 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

*****